प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 15.08.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में लालकिले की प्राचीर से राष्ट्रीय ध्वज फहराकर राष्ट्र को किया संबोधित।
2. प्रधानमंत्री ने कहा– प्रत्येक नागरिक एक संकल्प लेकर चले, तो देश को 2047 तक बना सकते हैं विकसित राष्ट्र।
3. प्रदेश भर में स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित किये गये विविध कार्यक्रम : लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधान भवन के समक्ष फहराया तिरंगा : मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की घोषणा की।

और

4. पुलिस, अग्निशमन, होमगार्ड और नागरिक सुरक्षा और सुधार सेवाओं के कुल एक हजार 37 कर्मियों को स्वतंत्रता दिवस क अवसर पर वीरता और सेवा पदक से किया गया सम्मानित।

———————————

राष्ट्र आज अपना 78वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस अवसर पर नई दिल्ली में लालकिले की प्राचीर से राष्ट्रीय ध्वज फहराया और राष्ट्र को संबोधित किया।

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में सेमीकन्डक्टर उत्पादन में वैश्विक नेतृत्व हासिल करने, आयात पर निर्भरता कम करने और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आत्म निर्भरता बढ़ाने की भारत की प्रतिबद्धता का उल्लेख किया। बाइट.......

*एक जमाना था हम मोबाइल फोन इन्पोर्ट करते थे। आज मोबाइल फोन मैन्युफैक्चरिंग का एको–सिस्टम बना है। एक बहुत बड़ा हब बना है और आज मोबाइल फोन दुनिया में एक्सपोर्ट करने लगे हैं ये भारत की ताकत है। साथियों भविष्य के साथ सेमीकंडक्टर जुड़ा हुआ है। आधुनिक टेक्नोलॉजी जुड़ी हुई है एआई जुड़ा हुई है। हमने सेमीकंडक्टर मिशन पर काम शुरू किया है। हर उपकरण में मेड इन इंडिया चिप क्यों ना हो, क्यों ये सपना मेरे देश का नौजवान देखे। टैलेन्ट यहां है सारे इस प्रकार के रिसर्च कार्य हिन्दुस्तान में होते हैं। अब प्रोडक्शन भी हिन्दुस्तान में होगा। सेमीकंडक्टर का काम भी हिन्दुस्तान में होगा।*

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के 140 करोड नागरिक एक संकल्प लेकर चलें तो हर चुनौती को पार कर देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बना सकते हैं। प्रधानमंत्री ने देश के युवाओं को प्रशिक्षित करने और देश को कौशल विकास का केंद्र बनाने के लिए सरकार के कई कार्यक्रमों का भी उल्लेख किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि वोकल फॉर लोकल मंत्र देश की अर्थव्यवस्था की वृद्धि का मंत्र बन गया। एक जिला एक उत्पाद का मंत्र लोगों में लोकप्रिय हो रहा है। बाइट......

*140 करोड़ मेरे परिवारजन अगर संकल्प लेकर चल पड़ते हैं। एक दिशा निर्धारित करके चल पड़ते हैं तो चुनौतियां कितनी भी क्यों ना हो, अभाव की मात्रा कितनी*

*भी तीव्र क्यों ना हो, संसाधनों के लिए जुझने की नौबत हो तो भी हर चुनौती को पार करते हुए हम 2047 विकसित भारत का लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं।*

श्री मोदी ने कहा कि पिछले दस वर्ष में दस करोड़ महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुडकर वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर बनी हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने देश में स्वयं सहायता समूहों को अब तक नौ लाख करोड़ रूपए दिये हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि महिलाओं पर अत्याचार के कारण देश में रोष है। महिलाओं के साथ अपराधों की जल्द से जल्द जांच और दोषियों को जल्द सजा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मीडिया में दुष्कर्म की घटनाएं तो उजागर होती हैं लेकिन दोषियों को मिलने वाली सजा का ज्यादा प्रचार नहीं होता। प्रधानमंत्री ने देश में धर्मनिर्पेक्ष नागरिक संहिता लागू करने पर जोर दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने 140 करोड़ भारतीयों की ओर से पेरिस ओलंपिक में भाग लेने वाले खिलाडियों को बधाई दी साथ ही पैरिस पैरालंपिक में भाग लेने जा रहे खिलाड़ियों को शुभकामनाएं भी दी।

————————

प्रदेश में स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह लखनऊ में विधान भवन के सामने आयोजित किया गया, जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तिरंगा फहराया। इस दौरान हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गई। समारोह में स्कूली बच्चों

द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने देश की रक्षा के लिये अदम्य साहस दिखाने वाले युद्ध नायकों को वीरता पुरस्कार वितरित किये। स्वतंत्रता दिवस समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज का यह दिवस हम सबके लिये आजादी के नायकों के सपनों को साकार करने का दिन हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षो के दौरान एक नये भारत का दर्शन किया है। यह नया भारत एक भारत भी है और श्रेष्ठ भारत भी है। श्री योगी ने कहा कि भारत ने सभी क्षेत्रों में अभूतपूर्व प्रगति की है। उन्होंने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हर भारतवासी को पंच प्रण का स्मरण कराया था, यह पंच प्रण आजादी के उन्हीं संकल्पों को पूरा करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक समय उत्तर प्रदेश को बीमारू राज्य के रूप में जाना जाता था, लेकिन आज उत्तर प्रदेश नौ दशमलव दो प्रतिशत जीडोपी के साथ देश में दूसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सात वर्ष में 56 लाख से अधिक गरीबों को पीएम आवास दिये गये हैं। दो करोड़ 65 लाख से अधिक जल का कनेक्शन और 15 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन बांटा जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान नाम से एक नई योजना की भी घोषणा

की है, जिसे 10 लाख युवाओं के लिये रोजगार के अवसर पैदा होंगे। बाइट.....

*प्रदेश के अंदर आज अपने युवाओं के लिये हम लोग आज एक नई योजना की घोषणा करते हुए मुझे प्रसन्नता की अनुभूति हो रही है। इसके क्रम में आगामी कुछ वर्षों के अंदर 10 लाख युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ने के लिये अभिनव योजना हम प्रारम्भ करने जा रहे हैं। इस योजना के अन्तर्गत नौकरी के बजाय उद्यम, इसके लिये इच्छुक युवाओं को ऐसे 10 लाख नये ऐमी ऐमी इकाईयों के गठन के लिये सरकार उन्हें आर्थिक रूप से उन्नयन करेगी और सपोर्ट करेगी और इसके माध्यम से 50 लाख युवाओं के लिये रोजगार के सृजन की नई संभावना आगे बढ़ेगी।*

इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने अपने सरकारी आवास पर भी ध्वजारोहण किया और उपस्थित लोगों को संबोधित किया।

———————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

और अब वक्त है एक ब्रेक का

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।

———————————

प्रदेश के सभी जनपदों में आज स्वतंत्रता दिवस पर झंडारोहण सहित विविध कार्यक्रम आयोजित किये गये। शिक्षण संस्थानों, सरकारी कार्यालयों में झंडा फहरा कर शहीदों के बलिदान को याद किया गया।

प्रयागराज पुलिस लाइन में प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने झंडारोहण किया। वाराणसी में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने विशाल तिरंगा यात्रा में भाग लिया। अयोध्या में कैबिनेट मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने ध्वजारोहण कर सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभ कामनाएं दो। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर में ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान मंदिर के निर्माण कार्य में लगे सभी श्रमिक उपस्थित रहे।

कानपुर में औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नन्दी ने झंडारोहण किया। इस अवसर पर उन्होंने लोगों से अपने कर्तव्यों को ईमानदारी से निभाने की अपील की। मेरठ में नगर निगम द्वारा निकाली गई तिंरगा यात्रा में सांसद अरूण गोविल, ऊर्जा राज्य मंत्री डॉक्टर सोमेंद्र तोमर शामिल हुये। वहीं अमरोहा, सहारनपुर, हरदोई सहित अन्य जनपदों में भी कार्यक्रम आयोजित किये गये।

————————

राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राजभवन में राष्ट्रीय ध्वज फहराया और सलामी

ली। राज्यपाल ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को भी नमन किया। अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि समाज और राष्ट्र की प्रगति के लिये स्वच्छता एवं नवाचार आवश्यक है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर और विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने का आह्वान किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने उत्कृष्ट तथा सराहनीय सेवा पदक से सम्मानित राजभवन के 8 सुरक्षा कर्मियों को बैच लगाकर सम्मानित किया। एक अन्य कार्यक्रम में राज्यपाल ने हर घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत तिरंगा बाइक रैली को राजभवन से हरी झंडी दिखा कर रवाना किया।

———————————

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पुलिस, अग्निशमन, होम गार्ड और नागरिक सुरक्षा और सुधार सेवाओं के कुल एक हजार 37 कर्मियों को वीरता और सेवा पदक से सम्मानित किया गया है। इसमें उत्तर प्रदेश के 17 पुलिस कर्मी शामिल है। गृह मंत्री अमित शाह ने वीरता और सेवा पदक से सम्मानित कर्मियों को बधाई दी। अपने संदेश में श्री शाह ने कहा कि अनुकरणीय सेवा के लिए उन्हें दिया गया सम्मान नए प्रोत्साहन के साथ सुरक्षा तंत्र को और मजबूत करेगा।

———————————

(समाप्त)